सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः जब यह चर्चा चली है तो दाम कम होने लगे। मैं दिल्ली के दाम बता रहा हूं और यह रिटेल के दाम बता रहा हूं। दिल्ली में प्याज छः-सात रोज से २२ रु. किलो है। सप्लाई दिल्ली में बढ़ी है। लखनऊ में प्याज सस्ता रहा। वहां पिछले हफ्ते १७ रु. किलो रहा। ये आज के नहीं सात तारीख के दाम हैं। सात तारीख को लखनऊ में प्याज के दाम १७ रु. से घटकर १५ रु. किलो हो गए। इसी तरह से भोपाल में प्याज के दाम १० रु., अहमदाबाद में १५ रु., कलकत्ता में २० रु., पटना में २२ रु., चेन्नई में १६ रु., हैदराबाद में १६ रु. और बैंगलोर में १३ रु. किलो रहे हैं। लेकिन कई जगह पर दाम कम हुए हैं, जैसे भोपाल में प्याज के दाम १० रु. के बजाए ८ रु. किलो हो गए। ये एक हफ्ते में हुए हैं। इसी तरह से जयपुर में २० रु. के बजाए १६ रु., पटना में २२ रु. के बजाए १९ रु., बैंगलोर में १३ रु. से घटकर ११ रु., त्रिवेंद्रम में २८ रु. से घटकर २२ रु. किलो हो गए। सप्लाई बढ़ गई है। सप्लाई बढ़ती चली जा रही है। सप्लाई तकरीबन सभी मंडियों में बढ़ी है।

... (व्यवधान)

कल की जो पोजीशन है, आज़ादपुर मंडी में ९१६ टन प्याज आया, नासिक में १५५० टन आया, बैंगलोर में ६०० टन आया, चेन्नई में ६८० टन आया। यह सब डिमाण्ड एंड सप्लाई का सारा खेल है। सप्लाई बढ़ती चली जा रही है, प्राइसेज नीचे आते जा रहे हैं। दो साल हुए जब प्याज बहुत पैदा हुआ। उस वक्त यह सारा झगड़ा शुरु हुआ। मैं १९९६-९७ की बात कर रहा हूं। नॉर्मली ४० लाख टन प्याज हमारे यहां होता है लेकिन १९९६-९७ में ४४ लाख टन पैदा हुआ और सबसे ज्यादा जमीन ४१ लाख हेक्टेअर जमीन भी उसी साल प्याज के नीचे आई। नतीजा यह हुआ कि पैदावार बढ़ गई, प्राइसेज गिर गये और खासकर नासिक की मंडियों में प्याज फेंकना पड़ा। ऐसी स्थिति आ गई। उसका असर अगले साल पर पड़ा कि लोगों ने कम पैदावार की है, ४१ लाख हेक्टेअर से कम होकर ३९ लाख हेक्टेअर जमीन रह गई।

पिछले साल प्याज बहुत ज्यादा हुआ था और पांच लाख टन एक्सपोर्ट भी किया था। इसके बाद भी प्राइसेस बहुत बढ़ नहीं सकीं, बल्कि प्राइसेस नीचे गईं। इससे किसानों को नुकसान हुआ। इसका नतीजा यह हुआ कि किसानों ने पैदावार कम की और यील्ड कम हो गई। यील्ड इस लिए कम हो गई, क्योंकि मौसम अच्छा नहीं रहा। यील्ड के बारे में भी मैं सदन को बताना चाहूंगा, १९९६-९७ में १०,८०० किलोग्राम प्रति हैक्टेयर यील्ड थी, लेकिन अगले साल यह घट कर ९,४३६ किलोग्रामा प्रति हैक्टेयर हो गई। मौसम खराब रहा, यील्ड कम हो गई, एरिया कम हो गया, इसलिए प्रोडक्शन कम हो गया। पैदावार कम होने के ये कारण रहे हैं। इसी तरह से अगस्त-अक्टूबर में असमय वर्षा से भी दो लाख टन प्याज का नुकसान हुआ।

महोदय, ऐसा ही हाल आलू का रहा। देश के इतिहास में आलू की पैदावार १९९६-९७ में २५० लाख टन ज्यादा हुई, लेकिन १९९७-९८ में पैदावार घट कर १९२ लाख टन हो गई। इसका मतलब यह हुआ कि ५८ लाख टन आलू की पैदावार कम हुई। आलू की कीमत बहुत गिर गई और किसानों को आलू फैंकना पड़ा। किसानों ने जो आलू कोल्ड-स्टोरेज में रखा हुआ था, वह कीमत गिर जाने के वजह से वापिस नहीं लिया, क्योंकि वे उसका पैसा नहीं दे सकते थे। इसका असर यह हुआ कि आलू के नीचे जमीन कम हो गई। जानकारी के अनुसार ११ लाख हैक्टेयर जमीन आलू के नीचे कम हो गई। मौसम की खराबी के कारण जो आलू की यील्ड रही, वह भी मैं सदन को बताना चाहूंगा। १९९६-९७ में १८,१७६ किलोग्राम प्रति हैक्टेयर पैदावार रही और गए साल १९९७-९८ में आलू की पैदावर १६००० किलोग्राम प्रति हैक्टेयर रही, यानी तीन हजार किलोग्राम प्रति हैक्टेयर पैदावार कम हुई। जैसा मैंने बताया, ५८ लाख टन प्रोडक्शन नीचे गया, इस वजह से आलू के भाव बढ़े। आलू की पैदावार बढ़े, प्याज की पैदावार स्टेबल हो जाए, इस बारे में सोमपाल जी ने कल बताया कि सरकार इस बारे में क्या कर रही है, इसलिए मैं सदन का समय बर्बाद करना मुनासिब नहीं समझता हूं। लेकिन मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि ये पैरिशेबल वस्तुयें हैं और हमने एक्मोर्ट भी किया, जोकि दो लाख टन से थोड़ा ऊपर हो गया । हमने एक्सपोर्ट उस वक्त किया, जब हमें फसल दिखाई दे रही थी। किसानों के फायदे के लिए एक्मोर्ट करना पड़ता है, जिससे किसानों को पैसा मिल जाए। देवगौड़ा जी सदन में उपस्थिति नहीं हैं, वे कह रहे थे कि किसानों को कोई पूछता नहीं है। मैं उनको बताना चाहता हूं, किसानों की बात सुनने के लिए कुछ एक्सपोर्ट करना भी पड़ता है। हमारा देश प्याज के मामले में दूसरे नम्बर का एक्मोर्टर है। हम हर साल पांच-छः लाख टन प्याज एक्सपोर्ट करते रहे हैं। हमारा देश बड़ा प्रोडयूसर भी है और बड़ा कन्ज्यूमर भी है। हमने दो लाख टन एक्सपोर्ट किया, लेकिन जब हमें मालूम हुआ कि दाम बढ़ रहे हैं, तो एक्सपोर्ट बन्द किया। एक्सपोर्ट बन्द करके, जहां से भी इम्पोर्ट हो सकता था, उसको करने की कोशिश की। इस बारे में पाकिस्तान से बात की। पहले ऐसा लगता था कि शायद वे दे देंगे, लेकिन उन्होंने अपने यहां की स्थिति को देखकर कह दिया नहीं मिल सकेगा। हम ईरान पहुंचे और कोशिश की कि ईरान से इम्पोर्ट हो। मैं दूसरी बातों में नहीं जाना चाहता हूं। ईरान से कोशिश की गई, लेकिन हमने अपने देश से एक्सपोर्ट बन्द कर दिया था। हम कई देशों को एक्मोर्ट किया करते थे, क्योंकि पांच-छः लाख टन प्याज कोई कम नहीं होता है। उन लोगों को भी प्याज नहीं मिल रही थी, तो वे ईरान की तरफ गए। जो देश हमसे लिया करते थे, वे सारे के सारे देश ईरान से खरीदने के लिए गए। इस वजह से ईरान में प्राइसेस बढ़ गई और वहां भी प्याज की कमी हो गई। संसार में कहीं प्याज नहीं मिल रही थी, तो हमने

OGL

किया, ड्यूटी फ्री किया, जिससे कोई भी ट्रेडर ले आए, मतलब कि किसी न किसी ढंग से प्याज देश में आने लग जाए, लेकिन कोई लेकर नहीं आया।

१०-२०-५० टन की बात तो अलग है लेकिन बड़ी मात्रा में इम्पोर्ट नहीं हो सका, क्योंकि इम्पोर्टेबल क्वांटिटी में मौजूद नहीं था। हमने जहाज से, हवाई जहाज से तथा अन्य कई रास्तों से लाने की कोशिश की ताकि किसी न किसी तरह उसे लोगों तक पहुंचाया जा सके। सब्सिडाइज़ करके भी देते रहे। दस रुपए किलो भी दिया और अब तक कांसटेंटली देते चले आ रहे हैं। हमने हर तरह से कोशिश की ताकि यह मसला बहुत बड़ा न बने और किसी न किसी तरह हल हो जाए, लेकिन सप्लाई डिमांड की बात होने की वजह से हमें मुश्किल आई। अब इस मुश्किल को हम सब को मिल कर दूर करना पड़ेगा।

ऐसी ही बात दालों में भी आती है, तेल के बीजों में आती है। देश में एग्रीकल्चर क्षेत्र में बहुत बढ़ोत्तरी हुई है। हम हर बार बाहर से इम्पोर्ट किया करते थे। ऐसा समय भी था जब हम बाहर के इम्पोर्ट पर ही निर्भर करते थे लेकिन आजादी के बाद धीरे-धीरे देश ने तरक्की की और एग्रीकल्चर में भी तरक्की की। आज हम इस स्थिति में हैं कि न सिर्फ आत्मनिर्भर हैं बल्कि एक्सपोर्ट करने की हैसियत भी रखते हैं। हर बार कुछ न कुछ एक्सपोर्ट होता है, इस बार भी हम कुछ चीजों का एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

मैं अर्ज कर रहा था कि अभी कुछ और काम करना बाकी है, जो नहीं हो सका। जैसे दालों में नहीं हो सका। अभी भी दालों की पैदावार कम है। हर बार तकरीबन २० लाख टन दालों की कमी रह जाती है। यही स्थिति तेल के बीजों की है। इस साल २८ लाख टन तेल के बीजों में कमी थी। यह कमी इसलिए रह जाती है क्योंकि अभी हमें एग्रीकल्चर साइड में बहुत कुछ करना है। जो स्टेप्स लेने की कोशिश की जा रही है, हाई लेवल पर मीटिंग करके, एक्सपर्टस को साथ जोड़ कर करने की कोशिश की जा रही है। हमारे देश के एग्रीकल्चर एक्सपर्टस बहुत अच्छे हैं। हम दुनिया में एग्रीकल्चर एक्सपर्टस के मामसे में किसी देश से भी मुकाबला कर सकते हैं। इनकी तादाद भी बहुत ज्यादा है। इसमें हम तकरीबन तीसरे नम्बर पर आते हैं। हमें मिलजुल कर काम करना होगा। मैं किसी एक पार्टी की बात नहीं कर रहा हूं कि कोई एक पार्टी करेगी। किसी ने नहीं किया ऐसी बात नहीं है, सब ने अपने-अपने हिसाब से यत्न किया। जब किसी की सरकार हो तो किस का मन नहीं चाहता कि हम ज्यादा प्रोडक्शन करें, प्राइसेज़ स्टेबल रहें। हमें लम्बे समय तक इसके लिए कोशिश करनी पड़ेगी, शायद पांच-सात या दस साल तक जारी रखना पड़े, जब तक हम इन सारी चीजों में आत्मनिर्भर न हो जाएं तब तक हमें कोशिश करनी पड़ेगी।

महोदय, कोल्ड स्टोरेज की बात हुई। खास कर आलू रखने के लिए आलू स्टोरेज बहुत जरूरी है, प्याज का स्टोरेज अन्य किस्म का होता है लेकिन आलू के लिए अलग किस्म का स्टोरेज चाहिए क्योंकि आलू का इस्तेमाल बहुत ज्यादा होता है और इसकी पैदावार भी बहुत ज्यादा होती है। इसकी पैदावार २५० लाख टन तक चली जाती है। इसके लिए स्कीम बनी है। प्राइम मिनिस्टर साहब ने बताया भी था। हमारी स्कीम है कि हर जिले में कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएं। स्टेट गवर्नमेंट ने इसमें हिस्सा देना है, लेकिन इसमें सेंटर उनकी ५० परसैंट तक मदद करे और किसी ढंग से लोन का भी बंदोबस्त किया जाए, जो आसानी से मिल जाए तथा लोग प्राइवेट सैक्टर और कोआपरेटिव सैक्टर में, जहां भी जाना चाहें उस तरफ कोशिश होनी चाहिए। शुगर के बारे में भी जिक्र आता रहा है। मेरे मित्र देवगौड़ा जी कह रहे थे कि शुगर का इम्पोर्ट हो रहा है। हम इम्पोर्ट भी करते हैं और एक्सपोर्ट भी करते हैं। हमारा देश दुनिया में सबसे ज्यादा शुगर पैदा करने वाला हो गया, यह मान की बात है। इसी तरह से सबसे ज्यादा कंज्म्पशन भी हमारे यहां है। किसी साल फसल अच्छी हो जाती है, तीन साल तक हमारे यहां अच्छी फसल थी, १६० लाख टन तक ले गए थे, उसके बाद दो साल थोड़ी कम रही, एक साल १२९ टन हुई, जो पिछला साल बीता है उससे पहले एक साल १२८ लाख टन हुई और एक साल १२७ लाख टन हुई, इन दो सालों में कुछ कमी हुई।

इस साल अच्छी फसल होने की उम्मीद है। करीब डेढ़ सौ लाख टन चीनी का उत्पादन होने की उम्मीद है। चीनी का साल सितम्बर में खत्म होता है। एक अक्तूबर से चीनी का हिसाब लगाया जाता है। उस वक्त ५७ लाख ७० हजार टन स्टोर में मौजूद था। पिछले साल कैरी ओवर स्टाक ५३.७ लाख टन था। यह एक अच्छा-खासा स्टाक है। आगे शूगर का उत्पादन १५० लाख टन होने की उम्मीद है। इसलिए शूगर के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। वह हमारे पास काफी मात्रा में है। यहां कहा गया कि चीनी इम्पोर्ट क्यों हो रही है? हमने वह एक्सपोर्ट भी की है और इम्पोर्ट भी की है। एक साल में १४ लाख टन इम्पोर्ट हुई थी। पांच साल पहले शूगर कम हुई थी। इसलिए वह इम्पोर्ट करनी पड़ी। हमें इस बारे में दूसरे देशों से ताल्लुक बना कर रखना पड़ता है। अगर जरूरत पड़ेगी तो उसे इम्पोर्ट भी करेंगे और एक्सपोर्ट भी करेंगे। हमने पाकिस्तान को शूगर एक्सपोर्ट की।

श्री रामानन्द सिंह (सतना): आपने शूगर दुगनी कीमत पर इम्पोर्ट की।

सरदार सुरजीत सिंह बरनाला : यह कह रहे हैं कि दुगनी कीमत पर चीनी इम्पोर्ट हुई। वह अगर दुगनी कीमत पर इम्पोर्ट होती तो यहां बहुत सस्ती हो जाती लेकिन शूगर के दाम नहीं घटे। हमारा अन्दाजा है कि ७ लाख टन से ऊपर शूगर इम्पोर्ट हुई। वह काफी मात्रा होती है। इसका उत्पादन इतना होने पर भी दाम नहीं घटे। इतनी शूगर बाहर से आने के बाद दो-चार रुपए घट जाते लेकिन उसका असर नहीं पड़ा। महज चेन्नई में इसके दाम घटे हैं। वहां साढ़े चौदह रुपए हैं और बाकी जगहों में १५-१६ और १७ रुपए हैं। इसके प्राइस स्टेबल चल रहे हैं। इसमें ऐसी कोई बात नहीं है।

हमारे दोस्त इम्पोर्ट डयूटी लगाने के लिए हम से मिलते रहे हैं। इनका काफी प्रैशर पड़ता रहा। यह बात सरकार के विचाराधीन है। मेरी यह सोच है कि इम्पोर्ट डयूटी और लगनी चाहिए ताकि बाहर से ज्यादा इम्पोर्ट न हो सके। जितना होना था हो गया। इसका प्रोडक्शन शुरु होने जा रहा है। मेरी यह पर्सनल सोच है।

श्री शरद पवार (बारामती) : आप यहां प्रेक्टिकल राय दीजिए। व्यक्तिगत राय मत दीजिए।

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : वह सरकार के विचाराधीन है। यह फैसला होने वाला है। मैं व्यक्तिगत राय नहीं बता रहा हूं। सरकार को यह फैसला करना होता है।

हम पर एक इल्जाम यह लगा कि हम ब्लैकमार्किटियर्स, ट्रेडर्स और जमाखोरों के साथ मिले हैं। यह बहुत बेबुनियाद इल्जाम है। हमने इस बारे में बहुत सख्ती से कदम उठाए हैं। मैंने सभी मुख्यमंत्रियों को १६ जुलाई को पहली चिट्ठी लिखी। चूंकि असैंशियल कमोडिटीज एक्ट की एग्जीक्यूशन है और वह स्टेट गवर्नमैंट को करनी होती है इसलिए मैंने पत्र लिखा। पत्र में लिखा कि

"It has come to my notice that there has been an abnormal rise in prices of a few essential commodities particularly onions and potatoes. It appears some unscrupulous traders are indulging in hoarding of these commodities to create artificial scarcity in the market. It is, therefore, imperative that effective and punitive action is taken under the existing provisions of law against speculators, hoarders, blackmarketeers and profiteers indulging in unfair trade practices. I, therefore, request you to alert your efforts and field functionaries to ensure that such hoarding and manipulative tendencies are curbed. I would suggest that you may take recourse to the appropriate action under the Essential Commodities Act, 1955 and the Prevention of Blackmarketing and Maintenance of Supplies of Essential Commodities Act, 1980 without any delay."

मेरी इस चिट्ठी का असर भी हुआ।

यहां पर एक्शन अलग-अलग करना होता है क्योंकि हिम्मत के साथ करना होता है । मैं आपको देशभर के कुछ आंकड़े बताता हूं। आन्ध्र प्रदेश में ९१२८ रेडस किये गये जिनमें २०६० आदमी पकड़े गये। बिहार में ४००, गुजरात में ४५४, केरल में ४६७५ रेडस किये गये और बहुत सा माल न्फिसकेट किया गया । कल यहां जिक्र कर रहे थे कि ८००० करोड़ रुपये का माल पकड़ा गया है। इसी तरह से मध्य प्रदेश और पंजाब में रेडस किये गये। पंजाब जैसे छोटे राज्य में २७८५९ रेडस किये गये। मुझे यह लगता है कि वहां कोई ट्रेडर्स नहीं बचा होगा जहां रेड न किया गया हो। तमिलनाडु में १७०२ रेडस किये गये और ५४५ आदमियों को सजा हुई। पश्चिमी बंगाल में ५५५ रेडस किये गये और काफी लोग पकड़े गये। इसी प्रकार दिल्ली में ५८६ रेडस की गईं जिसमें ५८ आदमियों को कैद हुई।

कुमारी ममता बनर्जी (कलकत्ता दक्षिण) : वैस्ट बंगाल में कितने रेडस हुआ है?

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः वहां ५५५ रेडस हुई और ३१९ आदमियों को पकड़ा गया जिसमें २७९ को सजा हुई।

कुमारी ममता बनर्जी (कलकत्ता दक्षिण) : यह अभी का नहीं है, पुराना फिगर्स है। जो असेंशियल एकोमोडिटीज़ एक्ट है, उसमें सजा नहीं होती। जो बयान आप दे रहे हैं, वह पुराना है, नया नहीं है।

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः यह सारे देश में हुआ है।

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : हम चाहते हैं कि इसे और स्ट्रीजेंट बनाइये।

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः यही तो कहा है।

श्री भगवान शंकर रावत : यह बताइये कि वैस्ट बंगाल में क्या हुआ? दिल्ली मे हुये हैं, उत्तर प्रदेश में रेडस हुये हैं।

श्री बसुदेव आचार्य : वैस्ट बंगाल में बहुत हुए हैं।

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब ने चीफ मिनिस्टर्स की मीटिंग में यह फैसला लिया किः

"The Essential Commodities Act would be immediately reviewed with a view to examine as to how the State Governments and Union Territories can be empowered to take effective action against those who hoard and cause artificial shortages and engage in trade malpractices not only in respect of foodgrains but also in items of mass consumption like vegetables, edible oils etc. A group of officials under the Cabinet Secretary would be constituted..."

यह ग्रुप कांस्टीटयूट हो गया है और प्राइम मिनिस्टर की सोच है जिसे मैंने पढ़कर सुना दिया और एक्शन भी हुआ है। इसमें ट्रेडर्स को कहीं बेनेफिट देने की बात नहीं है। यहां आवश्यक वस्तु अधिनियम का जिक्र आया। मैं उस बारे में थोड़ा जिक्र करना चाहूंगा कि कहां से बात शुरु हुई और कहां तक पहुंची।

The Essential Commodities (Special Provisions) Act, 1981 was enacted to make certain special provisions by way of amendment to the Essential Commodities Act for a temporary period of five years.

शुरु में तो ऐसा हुआ था। उसके बाद आवश्यक वस्तु अधिनियम के स्पेशल प्रोवीज़न को छोड़कर कहना चाहता हूं:

The Essential Commodities (Special Provisions) Bill, 1997 was introduced in Lok Sabha on 1.8.97.

यह पिछली सरकार ने किया और हमारे आने के पहले हुआ।

It was for a further period of five years along with the amendment.

ये अमैंडमेंट थीं जो पहले हमारी सरकार को प्रपोज की गई थीं।

"Appeal against confiscation of goods ordered by the Collector should lie with the judicial authorities and not with the State Governments. The said Bill could not come up for consideration and later lapsed on dissolution of

Lok Sabha. The Essential Commodities (Special Provisions) Ordinance, 1997 was promulgated on 3.10.97 on the lines of the Bill, referred to in paragraph 3 alongwith the following two amendments."

ये अमैंडमेंटस किये गये।

"It would not be mandatory for the Special Court to give an opportunity to the prosecution before deciding the bail application of the accused."

पहले प्रावधान यह था कि प्रासीक्यूशन को पहले इत्तला देनी पड़ती थी कि इसकी बेल एप्लीकेशन आई है, इसको कुछ कहना है।

So, the amendment proposed was this.

"It would not be mandatory for the Special Court to give an opportunity to the prosecution before deciding the bail application of the accused."

वह खुद उसी रोज कह सकते थे जिस दिन बेल एप्लीकेशन आई। वह फैसला कर सकते थे कि ये अमैंडमेंट आये।

"The contravention of the orders under Clauses (h) and (i) of Section 3(2) of the Essential Commodities Act, 1955 shall be made bailable."

यह हमने नहीं किया। यह हमारे आने से पहले की सरकार की बातें हैं।

यह उसी वक्त पेश हुआ।

"But the same shall be non-bailable for second and subsequent contraventions."

ये दो अमैंडमेंट बिल उन्होंने पेश किये।

"On the expiry of the aforesaid Ordinance, the Essential Commodities (Special Provisions) Second Ordinance, 1998 was promulgated on 2.1.1998 on the same lines."

यह भी हमसे पहले किया गया।

"Following the directions of the Government, an Expert Group under the Chairmanship of Secretary (Consumer Affairs) was constituted in July, 1997 consisting of senior Government officers and representatives from Trade/Industry and consumer organisations to review the laws administered by Department of Consumer Affairs. The Group recommended incorporation of the salient features of the Essential Commodities (Special Provisions) Act, 1981 such as summary trial, special courts, etc. in the Essential Commodities Act, 1955. The recommendations of the Expert Group include the following:

"(a) Summary trial of all offences under Essential Commodities Act by Special Courts to ensure quick disposal of cases.

(b) The offences relating to violations of orders made under Section 3(2)(h) and 3(2)(i) to be bailable."

It was observed by the Group that a large number of violations reported pertain to the sub-clauses (h) and (i) of Section 3(2). The Group also noted that the violations pertaining to these offences are technical in nature. In view of these reasons, the Expert Group recommended that these offences may be made bailable."

पानिशमैंट में उन्होंने जो ढील दी, वह भी मैं आपको बताना चाहूंगा।

15.53 hrs (Mr. Speaker in the Chair)

I would tell you the punishment for the offences pertaining to Section 3(2)(h) and (i). What is the existing provision?

उससे पहले जो प्रावीजन्स थीं, वे क्या थीं?

It is imprisonment for a term which may extend to one year and also fine.

"The proposed punishment is imprisonment which may extend to one year or fine not exceeding Rs.10,000 in the first offence or with fine not exceeding Rs.20,000 in the case of second and subsequent offences." In place of `and', it is `or' now.

उन्होंने कर दिया चाहे जुर्माना कर दिया जाये या सजा कर दी जाये। यह उस वक्त किया गया। दूसरी अफेन्सीज के बारे में--

"The existing punishment is imprisonment for a term which shall not be less than three months (for the first offence) and six months (for the second and subsequent offence) but which may extend to seven years and also fine."

यह पहले एग्जीस्टिंग था। प्रपोज क्या किया--

"It is imprisonment not exceeding two years in view of summary procedure recommended."

सात के बजाए दो साल प्रपोज किया। यह एक्सपर्ट ग्रुप ने किया जो पहले की सरकार ने बनाया था।

"The Expert Group reviewed the provisions of the Essential Commodities (Special Provisions) Act, 1981 and observed that if the amendments proposed to the Essential Commodities Act, 1955 are carried out, there would not be any need for a separate Act like the Essential Commodities (Special Provisions) Act, 1981."

The Expert Group, therefore, recommended that subject to the amendments to the Essential Commodities Act, 1955, the Essential Commodities (Special powers) Act, 1981 may be done away with.

यह भी उनकी रिकमैंडेशन थी कि इसे खत्म कर देना चाहिए।

After consideration of the recommendations of the Expert Group, the Essential Commodities (Amendment) Ordinance, 1998 was promulgated on 25th April, 1998. We have done this. To replace this Ordinance, the Essential Commodities (Amendment) Bill, 1998 was introduced in the Lok Sabha on 29th of May, 1998. This Bill was referred to the Standing Committee on Food, Civil Supplies and Public distribution for examination.

The Committee submitted its report in June 1998 with two amendments to the Bill which were accepted by the Government.

अमैंडमैंटस क्या थीं, सादी अमैंडमैंटस थीं।

It has recommended that power to authorise entry, search and seizure may be given to the Executive Magistrates instead of the Magistrates of the First Class which is a Judicial Authority.

यह उन्होंने अमैंडमैंट के लिए कहा।

It also recommended that a copy of the order of permission taken from the Executive Magistrates may be shown to the owner or the representative at the time of entry, search and seizure.

दो अमैंडमैंटस के लिए उन्होंने कहा। पनिशमैंट में जहां आया, उन्होंने वही किया।

It is proposed that imprisonment may extend to one year or with fine which may extend to Rs. 10,000 or both; and secondly, imprisonment which shall not be less than three months but which may extend to one year and with fine which

may extend to Rs. 20,000 or both.

दूसरे औफैंसेस में थोड़ी सट्रिनजैंट प्रोवीजन्स थी।

It is further proposed that imprisonment should be not less than three months and not more than two years and fine not less than Rs. 25,000/-

यह दूसरी औफैंसेस के लिए था।

It is also proposed that all offences under the Essential Commodities Act to be cognizable and non-bailable.

ओरिजनल में यह प्रोवीज़न था।

However, offences pertaining to Section 3(2) (h) and (i) are proposed to be bailable only in the case of first offences. These shall have to be non-bailable in the subsequent offences.

SHRI RAJESH PILOT : You are going on reading about bailable and non-bailable offences. We have pointed out a very strong thing that you have diluted the provisions. Are you going to make them strict or not ? That is our question. You are reading out the proposed things. That is not our point.

SARDAR SURJIT SINGH BARNALA : No, we are not...(Interruptions)

श्री राजेश पायलट :आपने जो डॉयलूट किया - सात साल की सजा दो साल कर दी है, एक लाख रुपये के जुर्माने को २५,००० रुपये कर दिया। इसे विदड्रा करके

... (व्यवधान)

आपने दो बातें कहीं

हैं - हमारी सरकार नहीं लेकर आई, पहली सरकार लेकर आई थी।

... (व्यवधान)

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः मैने यही आपको बताया है ।

SHRI RAJESH PILOT : These recommendations have been proposed by the Expert Group. Parliament is not interested in the recommendations of the Expert Group. Barnalaji, I am least interested in the recommendation of the Committee. Parliament is interested in what the Government has proposed in the Bill. We have mentioned that you have diluted the provisions. Please answer that part...(Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Are you going to bring forward further amendments to make the Act more stringent ? What is your proposal ? Please tell.

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः आप सुनिए, मैं बता तो रहा हूं।

... (व्यवधान)

कुछ माननीय सदस्यों ने कुछ अमैंडमैंटस मूव कर दीं जो उस वक्त सरकार ने साथ ले ली थीं। लेकिन अब यह पोजीशन हुई।

I am explaining it to you. Before the aforesaid amendments could be moved in the Lok Sabha, the Bill was referred to the Joint Parliamentary Committee. The matter has been reconsidered by the Government and it is now proposed not to pursue these amendments.

श्री राजेश पायलट (दौसा) : यह पहले कहते।

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः मैं यहीं आ रहा था, आप सुनते नहीं हैं। ... (व्यवधान) मैं इतिहास बता रहा था कि यह काम हमने शुरु नहीं किया था, यह पहली सरकार ने किया था।

In the replies of the Ministry to the questionnaire on the Joint Parliamentary Committee, it was made clear that the reduction of fines, making the offences bailable would make the Act less deterrent.

यह किया। हमने यह फैसला किया है कि हम ऐसा नहीं करना चाहते, हम इसको डिटरेंट रखना चाहते हैं, डिटरेंट बनाना चाहते हैं। उसके बारे में यह बहुत क्लियर फैसला हुआ है। जैसी मैं अर्ज कर रहा था

... (व्यवधान)

इसको सट्रिंजेंट बनाने का हमारा इरादा है, वही मैंने कहा। मैंने हाउस में उस दिन आपके सामने बयान दिया था कि हम इसको सट्रिंजेंट बनाना चाहते हैं। जैसा मेरे दोस्त कह रहे हैं कि सट्रिंजेंट बनेगा और सट्रिंजेंट बनाकर हम आपके सामने आ रहे हैं। हम समझते हैं कि सट्रिंजेंट होने के बाद ही इस पर अमल अच्छी तरह से हो सकेगा।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं सारे मैम्बर्स का भी धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने पार्टीसिपेट किया है।

... (व्यवधान)

>

श्री राजेश पायलट (दौसा) : अध्यक्ष महोदय, जब यह सवाल उठा था, माननीय मंत्री जी बुजुर्ग हैं, मैं उनके लिए वह भाषा यूज़ नहीं करना चाहता। लेकिन जो उम्मीद आज थी, जो आपने आखिर में कही थी, वह उम्मीद शुरूआत से थी। आपने महंगाई की बात की, आज बाहर जाकर आप कहेंगे कि महंगाई नहीं बढ़ी तो हमें और तुम्हें, दोनों को लोग पकड़ लेंगे। महंगाई बढ़ी है, यह बात माननी पड़ेगी। सारा देश कहता है कि महंगाई बढ़ी है। जो हमने आपको आंकड़े दिये थे, वे आम आदमी के आंकड़े दिये थे। आपने सुपर बाजार के जो आंकड़े दे दिये, सारे देश को सुपर बाजार से सामान नहीं मिलता। अगर आप यह इंतजाम कर दें कि सारे देश को पी.डी.एस. और सुपर बाजार से सामान मिलने लगे तो हमें कोई एतराज नहीं है। लेकिन आज के दिन हमारी पी.डी.एस. स्ट्रांग नहीं है। हमारा पी.डी.एस. कमजोर है, यह मानना पड़ेगा, चाहे आप वहां बैठे हों, चाहे मैं बैठा हूं, यह बात सच्चाई की है, जो हमें माननी पड़ेगी।

कुछ बातों पर बरनाला जी से कहने की उम्मीद थी। आज बरनाला जी ने जो बातें कही हैं कि हम क्या करें, फसल कम हुई, हम क्या करें, जमीन कम बोई गई, हम क्या करें, किसान के सामने मुसीबत आ गई। ये सारी बातें तो देश को पता थीं, हमें उम्मीद थी कि सरकार यह कहती कि हमें यह पता लगा तो हमने यह किया, हमें यह अंदाज लगा तो हमने यह किया। यह सरकार की जिम्मेदारी होती है। हमने जब मोशन को इनीशिएट किया था तो दो बातें कही थीं कि इधर बैठकर हमारा मानना है कि तुम्हारी नीति भी सही नहीं है और तुम्हारी नीयत भी सही नहीं है, लेकिन मंत्री जी ने न तो नीति के बारे में साफ किया कि हमारी नीति सही थी। अगर आपकी नीति सही थी तो जून में आप क्यों एक्सपोर्ट कर रहे थे। आपने खुद माना था कि जून में एक्सपोर्ट कर रहे ते, तब आपकी नीति सही थी, आपको अंदाजा अब क्यों लगा कि ४० लाख एकड़ में फसल बोई गई। यह अंदाज आपको पहले लगना चाहिए। जब मार्च में सरकार आई थी, तब ये सारे स्टेटिस्टिक्स सरकार के पास होते हैं, तभी नीति बनानी चाहिए थी कि अभी हमारी फसल कम होगी, हमें इंतजाम कर लेना चाहिए। हमने कहा, न तो नीति सही रही और उसके बाद हमने नीयत का जिक्र किया कि आप अपना इम्पोर्ट करना चाहते थे, आपने कोई पॉलिसी बनाई। हमने एक उदाहरण देकर बताया कि ८.७० रुपये की एल.सी. आपने कैंसिल कर दी और बढ़े दामों में आपने ली। उसका जवाब तक आपने नहीं दिया कि यह गलत है या सही है। हमारी खबर थी, आप कहते कि यह गलत है, हमने ८.७० रुपये का नहीं किया। आप कहते कि हमने तीस रुपये किलो हमने इम्पोर्ट नहीं किया, तो हमें एक संतुष्टि होती कि हमने कुछ सवाल उठाये थे, सरकार ने देखकर उनको जवाब दिया कि गलत है या सही है। उसमें भी आपने कोई जवाब नहीं दिया। हमने कहा कि किसान तकलीफ में आ रहा है, यहां देवेगौड़ा जी ने और मैंने, दोनों ने अपने भाषणों में कोट किया, उसके बारे में कल भाई सोमपाल जी ने थोड़ा जिक्र किया, लेकिन हम उम्मीद करते ते कि शॉर्ट रेंज में आपकी क्या पॉलिसी होगी ताकि दोबारा यह बात नहीं आये।

तीसरी बात हमने आपसे कही थी कि आगे का अंदाज सरकार को पहले लेना चाहिए कि डिमांड और सप्लाई वाली बात सब ने मानी है। सब ने माना है कि डिमांड और सप्लाई के कारण कीमतें बढ़ती हैं। बरनाला जी की इस बात से भी मैं सहमत हूं कि इस देश में शोर मच गया, कमी पड़ गई-कमी पड़ गई तो कीमतें बढ़ जाती हैं, इस बात से हम बाहर नहीं हैं, यह सच्चाई है। एक हवा बनी कि कीमत बढ़ गई, कीमत बढ़ गई तो हम सब उस बात को मानते हैं, उससे कीमतें बढ़ीं, लेकिन उसको काबू करना भी तो जरूरी है।

... (व्यवधान)

आखिरी सवाल मेरा यह है कि मैंने एसेंशियल कमोडिटीज़ के बारे में बहुत मजबूती के साथ प्रार्थना की थी कि जो आपके पनिशमेंट डाइल्यूट हुए हैं। आपने स्वयं कहा कि हम उसको परश्यू नहीं कर रहे। आप हमसे वायदा करो कि आप उन क्लाजेज़ को विथड्रा करोगे, तब तो एसेंशियल कमोडिटीज़ एक्ट लगाने का फायदा होगा। जो बिल आपने

We will not pursue. We shall not make it more light and we will strengthen it.

... (व्यवधान)

आप कहोगे, उससे हम संतुष्ट नहीं हैं। आप हमसे यह वायदा जरूर करो कि ये क्लाजेज़ नहीं आयेंगे।

यह वादा तो कम से कम कर दें कि ये क्लाज नहीं आएंगी, यह बिल डायलूटिड नहीं होगा। ऐसा तो आश्वासन दे सकते हैं।

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः मैंने यह बात डायलूट नहीं की। मैंने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा, आज नहीं कहा, पहले भी कहा था कि इसको डायलूट नहीं किया जाएगा।

... (व्यवधान)

इनके क्या शब्द हैं, क्या नहीं, मेरी समझ में नहीं आता। मैंने कहा कि डायलूट करने का इरादा नहीं है। हमने बिल लाने का फैसला कर लिया है।

श्री राजेश पायलट : आप विदड्रा करिए।

The Bill has already been diluted.

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Mr. Speaker, Sir, is the Minister going to withdraw the Bill which he has introduced?

श्री मदन लाल खुराना): बिल कमेटी के पास है, उसकी रिपोर्ट आने दें।

श्री राजेश पायलट : आपको याद होगा कि इस सदन में बहस चली थी। मंत्री जी ने खड़े होकर आश्वासन दिया था कि इस बिल को डायलूट नहीं होने देंगे, तभी हाउस चला था।

Do not bring in the procedures and technical points now.

MR. SPEAKER: Let the report come to us.

... (Interruptions)

PROF. P.J. KURIEN (MAVELIKARA): Mr. Speaker, Sir, the hon. Minister has already given an assurance to the House to bring another Bill with stringent provisions. What has happened to that assurance? (Interruptions)

SHRI BHUBANESWAR KALITA (GUWAHATI): Mr. Speaker, Sir, the hon. Minister has stated that on the floor of the House that he is going to bring a new Bill with stringent provisions. I would like to know whether he is going to bring that Bill and if so, when he is going to bring that.

MR. SPEAKER: Let the report first come tomorrow.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Mr. Speaker, Sir, I have certain questions to ask.

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, let the Minister first complete his clarification to the points raised by Shri Rajesh Pilot.

SHRI RAJESH PILOT : Sir, the Minister has agreed to withdraw those clauses. (Interruptions)

MR. SPEAKER: Let him complete his reply.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Mr. Speaker, Sir, it is a matter of regret that the hon. Minister's reply does not deal with the issue, such a burning issue affecting the entire people, particularly the common people, of our country and it seems that the Government has not yet decided what to do in the matter. Even on this controversial Bill, they have not yet made up their mind. He is referring to somebody's amendment and somebody's Bill. But what is the Government's decision? He must come out with that. We have got good respect for the hon. Minister, Shri Barnala. He must make the things very clear.

SARDAR SURJIT SINGH BARNALA: Sir, I have already mentioned it twice.

SHRI SHARAD PAWAR (BARAMATI): Mr. Speaker, Sir, we want a specific assurance from the Minister that there will not be any dilution of the Bill.

SHRI RAJESH PILOT : They have already diluted the Bill and he has assured to withdraw that. (Interruptions)

MR. SPEAKER: Let him complete his reply first.

SHRI P. SHIV SHANKER (TENALI): Mr. Speaker, Sir, what the Leader of the Opposition is asking is, whether the hon. Minister will give an assurance to withdraw the diluted Bill which he has brought to amend the 1981 Act.

SARDAR SURJIT SINGH BARNALA: Sir, I do not know what they say. But I have already made a statement on the floor of the House. Today also I made a statement and we are not going to deviate from that.

SHRI RAJESH PILOT : But, he has agreed to withdraw that Bill. That is our point. (Interruptions)

SHRI SHARAD PAWAR : The Minister has given a specific assurance that he is going to withdraw it. (Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, we want a categorical assurance from the Minister whether he is going to withdraw the Bill which has been diluted by the Government. (Interruptions)

MR. SPEAKER: He wants to reply once again.

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः मैंने अपने स्टेंड को क्लियर कर दिया है

... (व्यवधान)

आप सारे खड़े हो जाते हैं, पता नहीं क्या-क्या कहते हैं, क्या-क्या नहीं कहते हैं।

The Leader of the Opposition has very clearly said it. Shri Rajesh Pilot has also very clearly said it. ... (Interruptions) I have assured that this Bill would not be diluted. ... (Interruptions) We will bring forward the legislation. ... (Interruptions)

SHRI RAM VILAS PASWAN (HAJIPUR): The Bill has already been diluted. ... (Interruptions)

SHRI RAJESH PILOT : He is not answering. ... (Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, we have given enough opportunity to the hon. Minister to make his position clear. Even on this burning issue, the Government is dithering. It is totally an unsatisfactory reply. Hence, we walk out.

17.11 hrs

(Shri Somnath Chatterjee and some other hon. Members then left the House.)

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः आप सुनते नहीं हैं।

... (व्यवधान)

मैंने यह कहा कि किसी किस्म की डाइल्यूशन नहीं होगी।

... (व्यवधान)

हम सट्रिंजेंट मैजर्स लेकर आ रहे हैं।

... (व्यवधान)

यह मैंने कई दफा कहा।

... (व्यवधान)

हम सट्रिंजेंट मैजर्स लेकर आ रहे हैं। ... (

Interruptions) We are bringing stringent measures.

... (Interruptions)

SHRI ARIF MOHAMMED KHAN (BAHRAICH): We also walk out.

17.12 hrs

(Shri Arif Mohammed Khan and some other hon. Members then left the House.)

SHRI RAJESH PILOT : The Bill is already in the House. You have to withdraw those provisions. ... (Interruptions)

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः वह हम निकाल देंगे।

... (व्यवधान)

श्री शरद पवार : आप जो प्रस्ताव लाए थे, वह डाइल्यूट करने का था। वह विदड्रॉ करने की बात आपने यहां की है। नहीं तो जो बात यहां राजेश पायलट जी ने की, उससे आपकी नीयत साफ होती है। आपके आने से जमाखोरों का हौसला बढ़ गया और पिछले चार-छः महीने से ब्लैकमार्केटिंग देश में ज्यादा हो रही है, यह पूरा देश देख रहा है और इससे अभी भी आप दुरुस्त करने का तरीका देख रहे हैं। इसका हम विरोध करते हैं और हम सभा से बहिर्गमन करते हैं।

17.13 hrs.

(Shri Sharad Pawar and some other hon. Members then left the House)

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः मैंने आपसे तीन दफा कहा है कि हम सट्रिंजेंट

मैजर्स ला रहे हैं और उसमें जो डाइल्यूशन की बात कर रहे हैं, उसमें किसी किस्म का डाइल्यूशन नहीं होगा।

... (व्यवधान)

वह मैंने बार-बार कहा है।

... (व्यवधान)

हम एसेंशियल कमोडिटीज बिल लेकर आएंगे।

... (व्यवधान)

उसमें सट्रिंजेंट मैजर्स होंगे।

... (व्यवधान)

हमारे कुछ सांसदों की तरफ से जो उसमें अमेंडमेंट रखी गई थीं, वह हम नहीं मानेंगे, यह हमने पहले ही कह दिया है।

SHRI E. AHAMED (MANJERI): Sir, we are dissatisfied with the statement of the Minister. ... (Interruptions) He is going back from the assurance given to the House. ... (Interruptions) Hence, we are also walking out.

17.14 hrs

(Shri E. Ahamed and some other hon. Members then left the House).

SARDAR SURJIT SINGH BARNALA: I have already made that statement while speaking on this subject. So, our statement is very clear on this subject. ... (Interruptions)

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, on behalf of my party - the Kerala Congress - I am also walking out in protest against the price rise and also in protest against the dilution of the provisions of the Act which had been agreed to be withdrawn. Now, he has diluted the assurance which he had given. ... (Interruptions) That is also being diluted. ... (Interruptions)

I had also asked about the life-saving drugs and the petroleum products.

MR. SPEAKER: This will not go on record.

(Interruptions)*

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): I am also walking out on behalf of my party.

17.15 hrs

(Shri P.C. Thomas and some other hon. Members then left the House.)

कुमारी ममता बनर्जी : बरनाला जी, एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट

... (व्यवधान)

एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट का जो अमेंडमेंट बिल लाए थे और जिसे सलेक्ट कमेटी में भेजा गया था,

I would like to know whether you are going to withdraw the Bill or not. According to the convention in the Constitution, let the Report come. It depends on the Government whether it accepts or withdraws it. So, our request is, do not introduce even that Bill. You get the Report from the Committee. The Essential Commodities Act should be strengthened so as to react against the blackmarketeers and the hoarders. Will he assure us about it in this House?

MR. SPEAKER: He has already admitted, Madam. Let the Report come tomorrow.

KUMARI MAMATA BANERJEE : We are asking for a comprehensive Bill and not that Bill. ... (Interruptions)

SARDAR SURJIT SINGH BARNALA: The point raised by Kumari Mamata Banerjee is valid.

यह बिल ऑलरेडी हाउस में पेश हो चुका है। उसमें कुछ अमेंडमेंट आ गईं थीं। हम उन अमेंडमेंटस के साथ सहमत नहीं हैं जो उसको डाइल्यूट करने के लिए थीं। यह हमने पहले भी कह दिया है।

हम सदन में इस बिल को सट्रिन्जेंट बनाकर लायेंगे। रिपोर्ट आने के बाद शायद अमेंडेड फार्म में लेकर आना पड़े। हम नहीं चाहते हैं कि ब्लैक मार्केटिग हो, हम नहीं चाहते हैं कि होर्डिंग हो। हम उन लोगों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। प्राइम मिनिस्टर ने स्टैंड लिया है, मेरा अपना स्टैंड है, सरकार किसी भी कीमत पर ब्लैक मार्केटिंग को एलाउ नहीं करेगी, होर्डिंग को एलाउ नहीं करेगी। इस बिल में सट्रिंजैंट मेजर्स लिए जायेंगे।

---

* Not Recorded.

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : महोदय, देश भर में महंगाई हुई और अफवाह फैलाई गई, कांग्रेस की ओर से पैनिक क्रिएट की गई। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं, क्या यह भी एक कारण रहा महंगाई बढ़ने का?

सरदार सुरजीत सिंर बरनालाः महंगाई बढ़ने का यह भी एक कारण रहा है। एक दिन मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में गया हुआ था। वहां मुझे खबर मिली, टेलीफोन आया कि दिल्ली में नमक नहीं मिल रहा है। मैं हैरान हो गया कि नमक कहां गायब हो गया। मैं वहां का काम छोड़कर दिल्ली पहुंचा और दिल्ली आकर स्थिति का पता किया। मालूम हुआ कि यहां जगह-जगह अम्बार लगे हुए हैं। नमक की कमी नहीं थी। दुकानों पर भी कमी नहीं थी। मुझे यह बताया गया कि सही बिक्री हो रही थी, लेकिन लोगों को वहम हो गया कि नमक की कमी हो गई है। वास्तव में नमक की कमी नही थी और नमक के अम्बार लगे हुए थे और लाखो टन नमक पड़ा हुआ था। देश में नमक कम होने वाला नहीं है। सुपरबाजार वालों ने कहा - देखिए, यहां लोग बीस-पीस किलो मांग रहे हैं, क्या हम दे दें? हमने कहा - आप इनको २०-२० किलों दे दें, अगर एक किलो देंगे, तो ये समझेंगे कि इनके पास नहीं है, इसलिए एक किलों दे रहे हैं। स्थिति ऐसी रही और दो दिन के बाद ह वा फैली कि नमक बहुत उपलब्ध है, यह किसी ने अपवाह फैला दी थी। इलैक्शन जब नजदीक होते हैं, तो ऐसा एक्सर हो जाया करता है। ऐसी बातें होती रही हैं।

DR. SAROJA V. (RASIPURAM): Hon. Speaker Sir, the need of the hour, today, for our country is the cold storage facilities. I would like to know from the hon. Minister, within a stipulated time, will all the State Governments be instructed to have cold storage facilities in all the District Headquarters.

SARDAR SURJIT SINGH BARNALA: We can only make a request to the State Governments. We are providing them facilities and we have taken up a scheme under which we are intending to have cold storage facilities in all the districts throughout the country. That is what we are trying to do.

श्री कल्पनाथ राय (घोसी) : महोदय, बायो-फर्टिलाइजर की कीमत बहुत बढ़ गई है। इस संबंध में आपने नहीं बताया। नोटिफाइड दाम ८३०० रुपए प्रति टन है और यह १५००० रुपए प्रति टन बिक रहा है। इससे किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। इस बारे में आपका क्या कहना है?

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः महोदय, माननीय सदस्य डिकन्ट्रोल फर्टिलाइजर की बात कह रहे हैं, जिस पर सरकार का कन्ट्रोल नहीं है। इसमें

DAP

और

MOP

आ जाता है।

MOP

का जिक्र देवगौड़ा जी ने भी किया।

MOP

सारा का सारा इम्पोर्ट होता है और डि-कन्ट्रोल होने की वजह से कोई भी इम्पोर्ट कर सकता है। बहुत समय लगता, इसलिए उनके होते हुए, मैंने इस पर बहस नहीं की। इसमें राज्य सरकारों को चाहिए कि वे हिसाब लगाकर देखें कि कितने

MOP

की जरूरत पड़ेगी और फिर बन्दोबस्त करें। ऐसा उन्होंने नहीं किया और हमसे कहा कि इतनी-इतनी मात्रा हमें चाहिए। इस बारे में कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश ने हमसे कहा। हमारी कोशिश रही कि जहां से भी मिल सकता था, सप्लाई करने की कोशिश की। यह कहना कि प्राइसेस १५००० रुपए प्रति टन है, ऐसा नहीं है। १५००० रुपए का जिक्र माननीय देवगौड़ा जी ने भी किया, लेकिन इतनी कीमत कहीं पर भी नहीं है। इसकी कीमत ८३०० रुपए भी नहीं है। इसमें राज्य सरकारों की तरफ से सब्सिडाइज किया जाता है, तब यह १२७०० रुपए प्रति टन आती है।

श्री कल्पनाथ राय : नोटिफाइड ८३०० रुपए प्रति टन है।

सरदार सुरजीत सिंह बरनालाः यह नोटिफिकेशन पहले का हुआ है, उसको सब्सिडाइज्ड समझ लीजिए या एसिसटैंस समझ लीजिए, वह तकरीबन ४४०० रुपए होगी। यह एक किस्म की सब्सिडी हो जाएगी और वह मिला कर १२,७०० रुपए बनती है।

_____